आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 13.07.2024
समय : 0705
<><><><><><><>

- पोर्ट ब्लेयर के कार्वाइंस–कोव में आज से मानसून पर्यटन उत्सव का आयोजन किया जाएगा।
- सूचना, पर्यटन और प्रचार विभाग की विशेष सचिव नन्दिनी महाराज ने मानसून पर्यटन उत्सव में लोगों से बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने का अनुरोध किया है ।
- द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने नई दिल्ली में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहाकार अजीत डोबाल से मुलाकात की।
- बिजली विभाग में बिजली के बिल अब एक अगस्त से ऑनलाइन जमा करना होगा–फिलहाल दक्षिण अंडमान ज़िले में ये व्यवस्था होगी।
- लेप्टोस्पाइरोसिस यानी अंडमान बुखार से बचने के लिए लोगों से सावधानी बरतने को कहा गया है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के कार्वाइंस–कोव में आज से मानसून पर्यटन उत्सव का आयोजन किया जाएगा। शाम तीन बजे से रात्रि नौ बजे तक आयोजित होने वाले उत्सव के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुख्य भूमि का एक बैंड राग आज शाम साढ़े पांच बजे अपनी प्रस्तुति देगा। कलाकार श्री पार्था कल शाम पांच बजे और यू–टर्न बैंड इसी दिन शाम साढ़े छः बजे अपनी प्रस्तुति देंगे। सूचना, प्रचार और पर्यटन विभाग की विशेष सचिव नन्दिनी महाराज ने द्वीपों में पर्यटन उत्सव को सफल बनाने के लिए हितधारकों से आगे आने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के पर्यटन उत्सव आयोजित करने के लिए उनका विभाग हितधारकों को पूर्ण सहयोग देगा। उन्होंने कहा कि कार्वाइंस–कोव में आयोजित होने वाले मानसून पर्यटन उत्सव का उद्देश्य द्वीपसमूह को पूरे साल पर्यटन गंतव्य के रूप में लोकप्रिय बनाना है। उन्होंने कहा कि द्वीपों में संगीत संस्कृति विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है और इसमें भी हितधारकों की अहम भूमिका है।

मानसून पर्यटन उत्सव के सिलसिले मे कल रोड–शो का आयोजन किया गया। आज और कल पुरूष और महिलाओं के लिए टग ऑफ वार और बीच वॉलीबॉल का आयोजन किया जाएगा। कल कयाकिंग और जेट–स्की जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित होगी। विजेता और उप–विजेता टीम को नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेन्सी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी. के. जोशी ने नई दिल्ली में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहाकार अजीत डोबाल से मुलाकात की। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहाकार के रूप में उनका लगातार तीसरा कार्यकाल और सफल कार्यकाल के लिए उपराज्यपाल ने उन्हें शुभकामनाएं दी। उपराज्यपाल ने अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह प्रशासन द्वारा चल रहे विभिन्न परियोजनाओं के प्रगति के बारे में उन्हें अवगत कराया।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप के लिए एकीकृत द्वीप प्रबधंन योजना का मसौदा तैयार करने के लिए अट्ठारह जुलाई को जन–सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुनवाई का यह कार्यक्रम अट्ठारह जुलाई को दिन में साढ़े दस बजे टैगोर कॉलेज के सभागार में होगा।

<><><><><><><>

डिजिटल इंडिया मिशन को सफल बनाने और बिलों के भुगतान प्रणाली को नकदी रहित बनाने के लिए विद्युत विभाग की ओर से साईट कार्यालयों और सामान्य सेवा केन्द्रों में ऊर्जा बिल के भुगतान को एकत्र करने का कार्य बंद किया जा रहा है। पहली जुलाई से पूरे दक्षिण अंडमान ज़िले मे अब उपभोक्ता बिजली बिल का भुगतान ऊर्जा पोर्टल का इस्तेमाल करते हुए ऑनलाइन कर पाएंगे। ऊर्जा पे के माध्यम से भुगतान करने के संबंध में किसी भी प्रकार की सहायता के लिए उपभोक्ता अपने साइट कार्यालय या केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष में निःशुल्क नम्बर–एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच एक एक एक एक डायल कर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने द्वीपवासियों से लेप्टोस्पाइरोसिस यानी अंडमान बुखार से बचने के लिए ऐहतियाती उपाय करने को कहा है। इसमें कहा गया है कि समय पर इसकी पहचान न करने से ये बीमारी घातक हो सकती है। अधिकांश मृत्यु फेफड़े में रक्तस्राव होने, किडनी तथा लीवर के काम न करने और श्वास नली के कारण होती है। अंडमान बुखार होने पर आंख का

लाल होना, सर दर्द, पांव के निचले भाग और शरीर के पिछले भाग में दर्द होना, पीलिया के अलावा खांसी, उल्टी, पेट में दर्द, डायरिया और खुजली होना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। संक्रमित जानवर के पेशाब, जिनमें चूहा, कुत्ता, पशुधन, सुअर और वन्य प्राणी शामिल हैं, इससे भी अंडमान बुखार होता है। मछुआरों, किसानों, कृषि कार्य से जुड़े लोग, पशु चिकित्सक, सफाई कर्मी, गोश्त का कारोबार करने वाले जैसे लोगों पर इसका अधिक असर पड़ सकता है। इससे बचने के लिए लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सीधे पशुओं के पेशाब के संपर्क में न आने, रबर के जूते और ग्लब्स पहनने तथा शरीर के निचले भाग में घाव आदि होने पर एंटीसेप्टिक दवाईयां लगाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

गुप्तापाड़ा के सामुदायिक हॉल में बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल शिविर और मोटे अनाज पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के आयुष शाखा की ओर से आयोजित शिविर के दौरान बुजुर्ग लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श के अलावा मोटे अनाज के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। नैदानिक परीक्षण और रक्त परीक्षण भी किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंगलुटान के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऐनी दास मुख्य अतिथि थे। उन्होंने ग्रामवासियों के स्वास्थ्य देखभाल के लिए इस तरह के शिविर पर प्रकाश डाला। सम्माननीय अतिथि और पंचायत प्रधान दुर्लभ दास ने शिविर के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए लोगों से अच्छे स्वास्थ्य के लिए खान–पान में मोटे अनाज को शामिल करने का अनुरोध किया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हरमित कौर ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन राज्य चेस चैम्पियनशिप का आयोजन करेगा। आई टी आई परिसर डॉलीगंज में आज और कल होने वाली चैम्पियनशिप के दौरान इस वर्ष अगस्त में हरियाणा में होने वाले राष्ट्रीय चेस चैम्पियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन भी किया जाएगा। मुख्य सचिव केशव चन्द्र आज दिन में दस बजकर पैंतालीस मिनट पर इस चैम्पियनशिप का उद्घाटन करेंगे। पांच से चौंसठ वर्ष आयु वर्ग के तीन सौ से अधिक खिलाड़ियों ने चैम्पियनशिप के लिए अपने नाम दर्ज कराए हैं।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन और अनुशंसा आमंत्रित करने की अंतिम तिथि पन्द्रह सितम्बर तक होने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने खबर प्रकाशित किया है। मरीना पार्क में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होने के समाचार को द्वीप समाचार ने पहले पन्ने के निचले भाग में सचित्र प्रकाशित किया है।

नगरपालिका द्वारा सफाई कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच की पहल करने के समचार को इंफो इंडिया ने पहले पन्ने में जगह दी है और खेल से जुड़े समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अपनी खेल पृष्ठ में जगह दी है।

**<><><><><><><>**